**दिनांक 02 मई, 2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निदेशक मत्स्य, बिहार पटना, की अध्यक्षता में मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार केन्द्र, मीठापुर, पटना में कैंटीन संचालन के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी के चयन हेतु आहुत तकनीकी समिति की बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति :– पंजी के अनुसार**

सर्वप्रथम निदेशक मत्स्य द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं निविदाकर्त्ता/प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। समिति को जानकारी दी गई कि निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 30.04.2025 के 5:00 बजे तक कुल पाँच एजेंसी का सील्ड लिफाफा में निविदा प्राप्त हुआ। जिसकी सूची निम्नवत है:–

1. M/s Piyush Prasoon Patel Nagar, Patna
2. Animation Security Services Transport nagar, Patna
3. Health line Exhibition road, Patna
4. Krishna Hospitality Kankarbagh, Patna
5. Navi Harish Hospitality New Jakkanpur, Patna

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सील्ड लिफाफा को एक–एक कर उपस्थित निविदाकर्त्ताओं के समक्ष खोला गया एवं तकनीकी बीड में संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। निदेशानुसार बारी–बारी से सभी निविदाकर्त्ताओं द्वारा समर्पित दस्तावेजों को RFP के अनुरूप निर्धारित प्रपत्र में प्रवृष्टि की गई। समर्पित दस्तावेजों में कुछ दस्तावेज की कमी पायी गई, जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

| क्र० | सेवा प्रदाता एजेंसी | असमर्पित दस्तावेजों की विवरणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | M/s Piyush Prasoon Patel Nagar, Patna | केन्द्र/राज्य सरकार के संस्थान में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र | |
| 2 | Animation Security Services Transport nagar, Patna | – | |
| 3 | Health line Exhibition road, Patna | लेवर लाईसेंस प्रमाण पत्र एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 का ऑडिट स्टेटमेंट | |
| 4 | Krishna Hospitality Kankarbagh, Patna | तीन साल का कार्यानुभव प्रमाण पत्र एवं सरकारी संसथान में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र | |
| 5 | Navi Harish Hospitality New Jakkanpur, Patna | लेवर लाईसेंस प्रमाण पत्र अस्पष्ट | |

सभी दस्तावेजों की जाँच के उपरांत समिति ने यह निर्णय लिया कि यदि निविदाकर्त्ता अपना पक्ष रखना चाहते हों तो उन्हें सोमवार दिनांक 05.05.2025 के अपराहण 2:00 बजे तक की अवधि प्रदान की जाती है। सभी निविदाकर्त्ताओं से यह अपेक्षा है कि यदि कोई कागजात जो भूलवश समर्पित नहीं किया गया है वे उसे निर्धारित अवधि में मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार केन्द्र, मीठापुर, पटना में समर्पित कर सकते हैं।

निदेशानुसार दिनांक 05.05.2025 को अपराहण 4:00 बजे मत्स्य निदेशक के प्रकोष्ट में वित्तीय निविदा का लिफाफ खोला जाएगा।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सदस्य<br>सहायक अभियंता<br>(मुख्यालय) | सदस्य<br>सहायक मत्स्य निदेशक<br>(योजना) | सदस्य<br>उप मत्स्य निदेशक<br>(मुख्यालय) | सदस्य<br>अवर सचिव<br>पशु एवं मत्स्य संसाधन विभग |
| सदस्य<br>संयुक्त मत्स्य निदेशक<br>(मुख्यालय) | सदस्य<br>संयुक्त मत्स्य निदेशक<br>(रा0प0ई0) | सदस्य<br>संयुक्त मत्स्य निदेशक<br>(अनुसंधान) | 02/05/25<br>अध्यक्ष<br>निदेशक मत्स्य<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक 134 मत्स्य/प्रशि0, मीठापुर, पटना, दिनांक 02/05/2025

प्रतिलिपि :– तकनीकी समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02.5.25

संयुक्त मत्स्य निदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार
मीठापुर, पटना

ज्ञापांक 134 मत्स्य/प्रशि0, मीठापुर, पटना, दिनांक 02/05/2025

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02.05.25

संयुक्त मत्स्य निदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार
मीठापुर, पटना